समाचार

नोवल कोरोना वायरस

# निगम क्षेत्र को 06 सेक्टर में विभक्त कर की जा रही वेरीकेटिंग

## (आयुक्त श्री राहुल देव ने अधिकारियों के साथ किया शहर का दौरा, स्थलों का चिन्हाकन कर तत्काल वेरीकेटिंग करने के दिए निर्देश)




कोरबा 11 अप्रैल 2020 —कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के निर्देश पर कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर आवश्यक एहतियाती कदम उठाते हुए नगर निगम कोरबा क्षेत्र को 06 सेक्टर में बांटकर प्रत्येक सेक्टर को एक दूसरे से पृथक रखने के लिए वेरीकेटिंग्स की जा रही है। आज आयुक्त श्री राहुल देव ने अधिकारियों के साथ सम्पूर्ण शहर का दौरा कर वेरीकेटिंग हेतु स्थलो का चिन्हाकन करते हुए वेरीकेटिंग का कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

नोवल कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिला प्रशासन, नगर निगम प्रशासन व पुलिस प्रशासन पूर एलर्ट मोड पर है तथा संक्रमण से बचाव व नियंत्रण एवं इसके प्रसार को रोकने के लिए युद्धस्तर पर एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के निर्देश पर कोरबा नगर निगम क्षेत्र को 06 सेक्टर में बांटकर वेरीकेटिंग की जा रही है। सेक्टरों को इस प्रकार बांटा गया है कि प्रत्येक सेक्टर में बाजार तथा अत्यावश्यक सेवाओं संबंधी सुविधाएं उपलब्ध रहे एवं प्रत्येक सेक्टर के लोग अपने ही सेक्टर के अंदर जरूरी चीजे प्राप्त कर लें। इससे लागडाउन की छूट अवधि में शहर में बढ़ने वाले आवागमन को नियंत्रित किया जा सकेगा एवं सड़कों पर अनावश्यक आवागमन पर रोक लगेगी। आज आयुक्त श्री राहुल देव ने अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, एस.डी.एम. श्री सुनील नायक, सी.एस.पी.श्री राहुलदेव शर्मा, पी.डब्ल्यू.डी. के कार्यपालन अभियंता व निगम के सभी जोन कमिश्नरों के साथ सम्पूर्ण शहर का दौरा कर प्रत्येक सेक्टर हेतु की जाने वाली वेरीकेटिंग्स हेतु स्थलों का चिन्हाकन कराया, चिन्हाकित किए गए स्थानों के अनुसार रिसदी तिराहा, बालको मार्ग पुल, आई.टी.आई.चौक में कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले मार्ग पर, घंटाघर के पास, सुनालिया पुल, नहरपारा पुल, सी.एस.ई.बी.चौक, टी.पी.नगर चौक रेलवे फाटक आदि स्थानों में वेरीकेटिंग कराई जा रही है। आयुक्त श्री देव ने अधिकारियों से कहा कि इमरजेंसी सेवाओं के लिए वेरीकेटिंग

खोलने का सिस्टम भी की जारी वेरीकेटिंग के दौरान बनाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग किया जा सके।